अनुक्रमांक

नाम

मुद्रित पृष्ठों की संख्या :4

**130** **323(IV)**

**2025**

# नागरिक शास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।

(v) प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु-उत्तरीय - I प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।

(vi) प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु-उत्तरीय II प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 से 125 शब्दों में देना है।

(vii) प्रश्न संख्या 31 और 32 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

(viii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

नोट: निम्नलिखित दस प्रश्नों में प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से सही विकल्प चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

1. सोवियत संघ का विघटन कब हुआ था? 1

अ) 1990 ब) 1991 स) 1992 द) 1963

2. चीन की क्रान्ति कब हुई थी? 1

अ) 1947 ब) 1949 स) 1951 द) 1954

3. शिमला समझौता पर हस्ताक्षर कब हुआ था? 1

अ) 1970 ब) 1972 स) 1977 द) 1978

4. अन्तर राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आई०ए०ई०ए०) की स्थापना हुई 1

अ) 1947 में ब) 1950 में स) 1955 में द) 1957 में

modelpaper.info

5. 'क्योटो प्रोटोकॉल का सम्बन्ध है 1

अ) निःशस्त्रीकरण से ब) पर्यावरण सुरक्षा से

स) शरणार्थी समस्या से द) इनमें से कोई नहीं

6. गोवा भारतीय संघ का एक स्वतन्त्र राज्य कब बना? 1

अ) 1972 ब) 1977 स) 1980 द) 1987

7. भारत के संविधान में निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित कौन-सा अनुच्छेद है? 1

अ) 324 ब) 328 स) 342 द) 370

8. प्रथम गुटनिरपेक्ष सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था 1

अ) नई दिल्ली ब) बेलग्रेड स) क्यूबा द) डरबन

9. भारत में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किसने किया? 1

अ) राजीव गाँधी ब) इन्दिरा गाँधी स) मनमोहन सिंह द) जवाहरलाल नेहरू

10. जब मण्डल आयोग की रिपोर्ट लागू हुई थी, उस समय भारत का प्रधानमन्त्री कौन था? 1

अ) इन्दिरा गाँधी ब) राजीव गाँधी स) चन्द्रशेखर द) विश्वनाथ प्रताप सिंह

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

11. सोवियत राजनीतिक प्रणाली की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 2
12. यूरोपीय संघ द्वारा कौन-सी मुद्रा चलाई गई? 2
13. संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के स्थायी एवं अस्थायी सदस्यों की संख्या बताइए। 2
14. साझी सम्पदा से आप क्या समझते हैं? 2
15. वैश्वीकरण किसे कहते हैं? 2
16. स्वनत्रना के पश्चान किन्हीं दो देशीय रियासतों के नाम लिखिए, जिन्होंने भारत में विलय का विरोध किया। 2
17. प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ कब हुआ एवं इसका उद्देश्य क्या था? 2
18. पंचशील के किन्हीं दो सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए। 2
19. भारत में 'प्रिवी पर्स' की समाप्ति किसने की? 2
20. तुष्टिकरण' से आप क्या समझते हैं? 2

**(लघु उत्तरीय प्रश्न- 1)**

21. सोवियत संघ के विघटन के बाद क्या परिणाम हुए? 5
22. आसियान विजन 2020 की मुख्य बातें क्या हैं? 5
23. सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली को सुधारने के लिए कोई दो महत्वपूर्ण परिवर्तन सुझाइये। 5
24. 'भारतीय राजनीति में वर्ष 1952 से 1966 के युग एक दल के प्रभुत्व का दौर कहकर पुकारा जाता है।"क्या आप इस कथन से सहमत हैं? 5

modelpaper.info

25. भारतीय राजनीति पर दल-बदल का क्या प्रभाव रहा? समझाइए। 5

26. क्षेत्रीय असन्तुलन को कैसे दूर किया जा सकता है? 5

**(लघु उत्तरीय प्रश्न - II)**

27. भारत और चीन के बीच सम्बधों में तनाव के कारणों का मूल्यांकन कीजिए। 6

28. द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात एशिया तथा अफ्रीका के नव स्वतन्त्र देशों के समक्ष आई चुनौतियों का वर्णन कीजिए। 6

29. नीति आयोग पर टिप्पणी लिखिए। 6

30. भारतीय परमाणु नीति पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 6

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

31. चीनी अर्थव्यवस्था की उन्नति के लिए उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए। 8

अथवा

वैश्वीकरण क्या है ? इसने भारत को कैसे प्रभावित किया है? 8

32. भारतीय संघ में राज्यों के पुनर्गठन की प्रक्रिया और उनके आधार की व्याख्या कीजिए। 8

अथवा

प्रन्येक क्षेत्रीय आन्दोलन अलगाववादी माँग की तरफ अग्रसर नहीं होता।" उदाहरण देकर इस तथ्य की व्याख्या कीजिए। 8

modelpaper.info